an>

Title: Need to improve compensation and jobs to farmers whose lands were acquired for setting up power plant in Devli in Wardha Parliamentary Constituency.

श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) : महोदय, आपसे आग्रहपूर्वक कहना है कि मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा के मेरे निवास स्थान देवली में एशिया का सबसे बड़ा पॉवर ग्रिड का पॉवर प्लांट है। इस पॉवर प्लांट का निर्माण 7 वर्ष पहले हुआ था एवं इसके निर्माण हेतु जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की गयी थी, उन्हें आज तक मुआवजा नहीं दिया गया है। कई किसानों की संपूर्ण जमीन प्लांट हेतु अधिगृहीत की गयी और उन्हें नौकरी भी नहीं दी गयी है।

महोदय, किसानों की जमीन पर दो से सात बड़े-बड़े टावर लगाये गये हैं, जिस कारण खेत में खेती नहीं हो पा रही है। किसानों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। कई मजदूरों की खेत में काम करते समय मृत्यु भी हो गयी है।

अतः आपके माध्यम से मैं ऊर्जा मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि संसदीय क्षेत्र वर्धा के देवली में लगे पॉवर ग्रिड के पॉवर प्लांट के निर्माण में जो-जो किसान प्रभावित हुए हैं, उन्हें मुआवजा एवं जिनकी पूरी जमीन अधिगृहीत की गयी है, उन्हें नौकरी देने की कृपा करें, जिससे कि प्रभावित परिवार अपना जीविकोपार्जन कर सके।